**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–10.01.2025 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस समापन समारोह को किया संबोधित, कहा – प्रवासी भारतीय वैश्विक समुदाय के सामने भारत की सही तस्वीर करते हैं पेश।**
2. **राज्य सरकार ने डिजिटल युग की तरफ बढ़ाये कदम, रांची के नामकुम में आईटी टावर किया गया विकसित।**
3. **राजधानी रांची से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, दिल्ली स्पेशल सेल और एटीएस झारखंड की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई।**
4. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के निर्देश पर एमआरएमसीएच की आउटसोर्सिंग कंपनी की जांच शुरू, कमिटी की रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई।**

**और**

5. **पीएम जनमन योजना जनजातीय समुदायों के लिए साबित हो रही वरदान, रामगढ़ के बिरहोर युवक को मिली सरकारी नौकरी।**

**********************

राष्ट्रनपति द्रौपदी मुर्मु ने आज ओड़िशा में भुबनेश्वनर के जनता मैदान में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को संबोधित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय वैश्विक समुदाय के सामने भारत की सही तस्वीर पेश करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय प्रवासियों ने चिकित्सा और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अपने संबोधन से पहले उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए भारतीय प्रवासियों के प्रतिष्ठित सदस्यों को प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, जोएल ओराम, धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**********************

झारखण्ड सरकार ने डिजिटल युग की तरफ कदम बढ़ाते हुए राजधानी रांची के नामकुम में झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की देखरेख में आईटी टावर विकसित किया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखण्ड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा आईटी टावर झारखण्ड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर रॉयल्टी बकाया और रांची में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के श्रेय को लेकर निशाना साधा है। आज संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने रॉयल्टी के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये के बकाये से इनकार किया है, जबकि केंद्रीय कोयला मंत्री ने इसे स्वीकार किया। भट्टाचार्य ने सीसीएल द्वारा बनाए जा रहे अस्पताल का श्रेय केंद्रीय सरकार को देने पर विरोध जताया।

**********************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने भारतीय जनता पार्टी में दोबारा शामिल होने के बाद सक्रिय राजनीति में वापसी की। उन्होंने आज शपथ ली और रांची में पार्टी के मुख्यालय में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर रवींद्र कुमार राय और प्रदेश महासचिव कर्मवीर सिंह सहित कई प्रदेश भाजपा नेताओं ने दास का स्वागत किया। मौके पर रघुवर दास

ने कहा भाजपा एक मजबूत विपक्ष के रूप में राज्य सरकार के कामकाज का 6 महीने तक आकलन करने का निर्णय लिया।

*******************

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ को लेकर आकाशवाणी के विशेष एफएम रेडियो चौनल कुंभवाणी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत कुमार सहगल, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने इसकी विस्तृत जानकारी दी।

*******************

राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र से दिल्ली स्पेशल सेल और एटीएस झारखंड की संयुक्त टीम ने अलकायदा के संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया है। अब तक झारखंड के विभिन्न जिलों से 9 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें से डॉक्टर इश्तियाक अहमद इनका मास्टरमाइंड था। शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार कर पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है।

*******************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के निर्देश पर डालटनगंज एमआरएमसीएच की आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ जांच शुरू की गई। जांच के लिए उपायुक्त ने डीडीसी, एसडीएम, एनडीसी और श्रम अधीक्षक की समिति गठित की थी जिन्होंने आज एमआरएमसीएच का निरीक्षण किया। जांच में 65 सफाईकर्मियों में से 41 की उपस्थिति पाई गई, और 9 घंटे की ड्यूटी में एक घंटे विश्राम दिए जाने की जानकारी मिली। मौके पर सफाईकर्मियों के मानदेय और अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। जांच में शामिल पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि इस निरीक्षण के एक रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी जिस के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

*******************

गढ़वा जिले में 10 फ़रवरी से 25 फ़रवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जायेगा। इसको सफल बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

*******************

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत रामगढ़ के एक बिरहोर युवक को सरकारी नौकरी मिली, जिससे उसकी जीवनशैली में सुधार हुआ है। इस योजना का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक—आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है। रामगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे ने कहा कि इस सफलता से अन्य जनजातीय समुदाय को भी शिक्षा प्राप्त करने और मुख्य धारा में शामिल होने की प्रेरणा मिलनी चाहिए। इस योजना का लाभ 18 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 75 पीवीटीजी समुदायों को मिल रहा है।

********समाप्त************